**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी शिमला**
**05.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

## सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज आपदा प्रभावित कुल्लू जिला के विभिन्न हिस्सों का सेना के एमआई हैलीकॉप्टर से हवाई सर्वेक्षण किया। उन्होंने शिमला से कुल्लू जाते समय मंडी जिला में आपदा से हुए नुकसान का भी हवाई सर्वेक्षण कर जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने मनाली का दौरा भी किया और वहां बीते दिनों आई बाढ़ के बाद के हालात का जायजा लिया और पीड़ितों से बातचीत की। मुख्यमंत्री का बाद में कुल्लू के आखाड़ा बाजार में हुए भू–स्खलन स्थल का दौरा करने का भी कार्यक्रम है। मुख्यमंत्री ने भूंतर हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि इस बार प्रदेश में आई भयंकर आपदा से भारी तबाही हुई है। उन्होंने कहा कि बीते चार दिनों के दौरान जितनी तबाही हुई है वैसी कभी नहीं देखी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि भरमौर में फंसे मणिमहेश श्रद्धालुओं को निकालने का काम आज जोरों से जारी है। इसके लिए सेना के चिनुक हैलीकॉप्टर की सहायता ली जा रही है।

## जगत सिंह नेगी

इस बीच राजस्व मंत्री जगत नेगी ने कहा है कि प्राकृतिक आपदा के चलते मणिमहेश यात्रा के दौरान फंसे 15 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को सुरक्षित उनके घरों तक पहुंचा दिया है। जगत सिंह नेगी ने आज चंबा में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि शेष बचे हुए श्रद्धालुओं को भी आज ही चंबा पहुंचा दिया जाएगा। इसके लिए वायु सेना के दो चिनुक हैलीकॉप्टरों की सहायता ली जा रही है। उन्होंने कहा कि चंबा से भरमौर तक की सड़क को अगले दो–तीन दिनों में यातायात के लिए खोल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बिजली और पानी की व्यवस्था भी युद्ध स्तर पर बहाल की जा रही है।

## शिक्षक दिवस

आज शिक्षक दिवस है। यह दिन शिक्षाविद् और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए। यह प्रतिष्ठित वार्षिक पुरस्कार उन उत्कृष्ट शिक्षकों को दिया जाता है जिन्होंने अपने समर्पण और प्रतिबद्धता से शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाया है और विद्यार्थियों के जीवन पर उसका गहरा असर पड़ा है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिक्षक दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मस्तिष्क को पोषित करने के लिए शिक्षकों का समर्पण एक मजबूत और उज्जवल भविष्य की नींव है। इससे पहले कल प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों से बातचीत की। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे स्वदेशी उत्पादों और मेक इन इंडिया सहित वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने के लिए विद्यार्थियों के साथ मिलकर अभियान चलाएं। इस बीच प्रदेश में राज्य स्तरीय शिक्षक दिवस कार्यक्रम आज शिमला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के

दौरान राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने राष्ट्रीय व राज्य पुरस्कार के लिए चयनित अध्यापकों को सम्मानित किया। इस दौरान शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहे।

**मौसम**

प्रदेश में बीते कई दिनों से लगातार चल रही मॉनसून की भारी वर्षा के क्रम से आज लोगों को कुछ राहत मिली है। राज्य के अधिकांश इलाकों में आज बादलों के साथ हल्की धूप खिली हुई है। मौसम खुलने से प्रदेश में राहत कार्यों में तेजी आई है। मौजूदा मानसून सीजन में हुई भारी बारिश और भू–स्खलन जैसी घटनाओं में प्रदेश को भारी नुकसान हुआ है। राज्य में सार्वजनिक संपत्ति को हुए नुकसान का प्रारंभिक आकलन लगभग 3 हजार 8 सौ करोड़ रूपए लगाया गया है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार प्रदेश में वर्षा जनित हादसों में अब तक 3 सौ 55 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 49 लोग अभी भी लापता है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के कुछ स्थानों पर बारिश और बिजली गिरने का यलो अलर्ट जारी किया है। हालांकि कल 6 सितंबर से प्रदेश में मानसून के कमजोर पड़ने की संभावना भी जताई गई है।

———————————————————————————